हरिभूमि
# भिवानी-दादरी भूमि
रोहतक, शनिवार 18 जुलाई 2026

11 लोहारी जाटू स्कूल की छात्राओं ने जीती



12 गोल्डन गर्ल नीतू घणघस का फिर चला मुक्का



### प्रधानमंत्री ने वीडियो कांफ्रेंसिंग से किया मेडिकल कॉलेज का लोकापर्ण

# मेडिकल कॉलेज की बड़ी सौगात मिली स्वास्थ्य सेवाओं को लगेंगे पंख: सांसद

**पर्यावरण संरक्षण का संदेश देने के लिए केबिनेट मंत्री श्रुति चौधरी सांसद धर्मबीर सिंह, पूर्व राज्य सभा सांसद किरण चौधरी, विधायक घनश्याम सर्राफ और भाजपा जिलाध्यक्ष विरेंद्र कौशिक सहित हजारों लोग ई-रिक्शा में सवार होकर पहुंचे**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी



भिवानी। समारोह में लोगों को संबोधित करती मुख्यातिथि मंत्री श्रुति चौधरी। फोटो : हरिभूमि





भिवानी। दीप प्रज्ज्वलित करके कार्यक्रम का शुभारंभ करवाते सांसद धर्मबीर सिंह व अन्य और पीएम मोदी की वीडियो कांफ्रेंसिंग के बाद मेडिकल कॉलेज का शुभारंभ करवाते सांसद व अन्य। फोटो : हरिभूमि

पंडित नेकीराम शर्मा मेडिकल कॉलेज के शुभारंभ अवसर पर शुक्रवार को मिल्क प्लांट के पास मेडिकल कॉलेज परिसर में भव्य समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में महिला एवं बाल विकास तथा सिंचाई जल संसाधन मंत्री श्रुति चौधरी और सांसद धर्मबीर सिंह मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए।

इस कार्यक्रम में केबिनेट मंत्री श्रुति चौधरी, सांसद धर्मबीर सिंह, पूर्व राज्य सभा सांसद किरण चौधरी, भिवानी के विधायक घनश्याम सर्राफ और भाजपा जिलाध्यक्ष विरेंद्र कौशिक सहित हजारों की संख्या में लोग ई-रिक्शामें सवार होकर पहुंचे। पूर्व कृषि मंत्री जेपी दलाल और बवानीखेड़ा के विधायक कपूर सिंह वाल्मीकि करीब एक किमी दूरी से पैदल चलकर समारोह में पहुंचे। कार्यक्रम में शरीक हुए सभी नेताओं ने पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। समारोह में हरियाणा महिला विकास निगम की चेयरपर्सन सुनीता दांगी, हरियाणा महिला आयोग की उपाध्यक्ष मीना परमार, राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग अध्यक्ष तृप्ति श्योराण मुख्य रूप से मौजूद रहीं। मुख्य मेहमानों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथों मेडिकल कॉलेज का शुभारंभ होना जिलावासियों के लिए गर्व व सौभाग्य की बात बताया। वहीं डीसी साहिल गुप्ता ने मुख्य मेहमानों का जिला प्रशासन की तरफ से तथा मेडिकल कॉलेज के निदेशक डॉ. धीरज परिहार व उप चिकित्सा अधीक्षक डॉ. राजेश ने मेडिकल कॉलेज की तरफ से पुष्प गुच्छ भेंटकर स्वागत किया।

केबिनेट मंत्री श्रुति चौधरी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा जींद की धरती से हाइड्रोजन ट्रेन का शुभारंभ करके देश को विकसित राष्ट्र बनाने की ओर बड़ा कदम उठाया गया है। प्रधानमंत्री द्वारा मेडिकल कॉलेज का उद्घाटन जींद में आयोजित समारोह से वर्चुवल माध्यम से किया गया। जिसका भिवानी में लाइव प्रसारण दिखाया गया। श्रुति ने कहा इस ऐतिहासिक दिन को यादगार बनाने के लिए भारी संख्या में आपकी उपस्थिति के लिए आभार व्यक्त करती हूँ।

वहीं सांसद चौ. धर्मबीर सिंह ने कहा कि प्रदेश में खुशी का माहौल है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश की पहली हाइड्रोजन ट्रेन को जींद की धरती से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया है। यह एक ऐसी ट्रेन है जिसमें तेल, बिजली व कोयले की आवश्यकता नहीं है। उन्होंने कहा कि मेडिकल कॉलेज की बड़ी सौगात जिले को मिली है, जिससे न केवल स्वास्थ्य सेवाओं को पंख लगेंगे बल्कि लोगों को स्वास्थ्य सुविधाओं के लिए दूर-दराज नहीं जाना पड़ेगा।

**प्रदेश के लिए ऐतिहासिक दिन**

पूर्व राज्यसभा सांसद किरण चौधरी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जींद में हाइड्रोजन ट्रेन देश को समर्पित की है, यह प्रदेश के लिए ऐतिहासिक दिन है। देश की ऐसी पहली ट्रेन हरियाणा की धरती से चलेगी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री की यह दूरदर्शी सोच है, आने वाले समय में पेट्रोल-डीजल जैसे ईंधन खत्म होने वाले हैं ऐसे में हाईड्रोजन ट्रेन एक अच्छा विकल्प है।

**...नई पहचान दिलाई**

विधायक घनश्याम सर्राफ ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने डीजल व पेट्रोल रहित हाइड्रोजन ट्रेन का शुभारंभ कर भारत को स्वच्छ ऊर्जा आधारित परिवहन के क्षेत्र में नई पहचान दिलाई है। विधायक ने कहा कि जिलावासियों को मेडिकल कॉलेज की सौगात भी मिली है, जिससे क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाएं ओर सुदृढ होंगी।

**विकसित भारत का संदेश**

विधायक कपूर सिंह वाल्मीकि ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जींद की पावन धरा से हाइड्रोजन ट्रेन का शुभारंभ कर विकसित भारत का संदेश दिया है। उन्होंने कहा कि आज भारत आयात की तुलना में निर्यात अधिक कर रहा है, जो विकसित भारत की दिशा में देश की बढ़ती आर्थिक मजबूती का प्रमाण है।

## हरित ऊर्जा एवं आधुनिक रेल परिवहन की नई शुरुआत : सुनील सांगवान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चरखी दादरी



चरखीदादरी। विधायक सुनील सांगवान व अन्य अतिथियों का स्वागत करते एसडीएम डॉ. विरेंद्र सिंह।

दादरी के विधायक सुनील सांगवान ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा देश की पहली हाइड्रोजन से संचालित ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किए जाने को देश के परिवहन क्षेत्र में ऐतिहासिक उपलब्धि के साथ हरित ऊर्जा और आधुनिक रेल परिवहन की नई शुरुआत बताया है। विधायक सांगवान ने शुक्रवार को जनता कॉलेज में वर्चुअल कार्यक्रम को बतौर मुख्यतिथि संबोधित करते हुए ये बात कही। विशिष्ट अतिथि के तौर पर बाढ़ड़ा विधायक उमेद पातुवास, हरियाणा राज्य भंडारण निगम के चेयरमैन एडवोकेट रामकिशन शर्मा, भाजपा जिलाध्यक्ष सुनील इंजीनियर उपस्थित रहे।

इस अवसर पर पौधरोपण और स्वच्छता अभियान भी चलाया। विधायक सांगवान ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत आधुनिक तकनीक, पर्यावरण संरक्षण और सतत विकास के क्षेत्र में लगातार नए आयाम स्थापित कर रहा है। विधायक उमेद पातुवास ने कहा कि देश ने विकसित भारत की की दिशा में एक ओर कदम बढ़ा दिया है। भारत दुनिया के उन चुनिंदा देशों में शामिल हो गया है, जहां हाइड्रोजन ट्रेन संचालित की जा रही हैं। हरियाणा राज्य भंडारण निगम के चेयरमैन एडवोकेट रामकिशन शर्मा ने कहा कि देश और प्रदेश की बागडोर ऐसे हाथों में है, जो हमेशा लोगों की भलाई के काम करते हैं। जिलाध्यक्ष सुनील इंजीनियर ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के मार्गदर्शन में प्रदेश सरकार अंत्योदय की भावना के साथ बेहतरीन कार्य कर रही है।

कार्यक्रम में उपायुक्त मनदीप कौर, पुलिस अधीक्षक लोगेश कुमार पी, नगर परिषद चेयरमैन बक्शीराम सैनी, एसडीएम डॉ. विरेन्द्र सिंह, सीईओ जिला परिषद डॉ. प्रदीप अहलावत, जिला महामंत्री रविंद्र शिलगर व राष्ट्रदीप परमार सहित अन्य अतिथि व अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## 'इलेक्ट्रिक वाहनों' से उमड़ा 'जन सैलाब'

**भिवानी।** शुक्रवार को पंडित नेकीराम शर्मा मेडिकल कॉलेज का उद्घाटन अवसर ऐतिहासिक रहा। पहली बार उद्घाटन समारोह में मंत्री से लेकर संतरी तक ईलेक्ट्रिक वाहनों में सवार होकर पहुंचे। वाहनों का धुंआ व पहियों से उठने वाली धूल का गुब्बार भी नहीं उठा। यहां तक कि पूर्व मंत्री किरण चौधरी भी ई रिक्शा की छत पर बैठकर तथा सिंचाई मंत्री ई रिक्शा के अंदर बैठकर नवनिर्मित मेडिकल कॉलेज पहुंची। वहीं सांसद धर्मबीर सिंह ई रिक्शा में बैठकर तो विधायक घनश्याम सर्राफ पैदल ही समर्थकों के साथ समारोह स्थल पर पहुंचे। इसी तरह जिले के अन्य विधायक का भी आगमन हुआ।







### खबर संक्षेप

**पटवारी व कानूनगो की राज्य स्तरीय बैठक आज**

**भिवानी।** दी रेवेन्यू पटवार एवं कानूनगो एसोसिएशन की राज्य स्तरीय बैठक शनिवार, 18 जुलाई को सुबह 10 बजे जींद की जाट धर्मशाला में होगी। बैठक में सभी जिलों के प्रधान व सचिव शामिल होंगे। राज्य उपप्रधान विकास राठी ने बताया कि प्रमुख मांग पटवारी व कानूनगो का जिला कैडर समाप्त कर राज्य कैडर लागू करने की रहेगी। बैठक में डिजिटल क्रॉप सर्वे, मुख्यमंत्री घोषणाओं से संबंधित नोटिफिकेशन फाइलों की स्थिति तथा नए सॉफ्टवेयर में आ रही तकनीकी समस्याओं पर चर्चा होगी। जरूरत पड़ने पर अन्य मुद्दे भी शामिल किए जाएंगे और भविष्य की रणनीति बनाई जाएगी।

**व्यावसायिक मार्गदर्शन सप्ताह 20 से**

**चरखी दादरी।** रोजगार विभाग हरियाणा के निर्देशानुसार जिले में 20 से 24 जुलाई तक व्यावसायिक मार्गदर्शन सप्ताह आयोजित किया जाएगा। इस दौरान जिला व उपमंडल स्तर पर रोजगार विभाग की टीमें विभिन्न स्कूलों, कॉलेजों और आईटीआई में विद्यार्थियों को करियर चयन और रोजगार संबंधी जानकारी देंगी। विद्यार्थियों को उनकी रुचि, क्षमता और व्यक्तित्व के अनुरूप व्यवसाय चुनने के लिए मार्गदर्शन प्रदान किया जाएगा। साथ ही करियर चयन में आने वाली कठिनाइयों को दूर करने के उपाय भी बताए जाएंगे। जिला रोजगार अधिकारी कुमारी शशि ने बताया कि विभाग समय-समय पर ऐसे कार्यक्रम आयोजित कर युवाओं का मार्गदर्शन करता है।

**खंड स्तरीय खेलों को लेकर आज होगी बैठक**

**भिवानी।** खंड शिक्षा अधिकारी महेंद्र सिंह गिल के निर्देशानुसार शनिवार, 18 जुलाई को सुबह 9 बजे जीएमएसएसएस भिवानी में खंड स्तरीय विद्यालय खेलों के आयोजन को लेकर महत्वपूर्ण बैठक होगी। इसमें सभी सरकारी और निजी विद्यालयों के पीटीआई, डीपीई तथा पीजीटी फिजिकल एजुकेशन भाग लेंगे।

## 53 एक्सपायरी डेट की दवाइयां मिली

- दिनोद रोड शास्त्री नगर में मिला प्रतिबंधित दवाओं का जखीरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी



भिवानी। छापे के दौरान दवाईयों की जाच करते हुए।

सिविल सर्जन डॉ. रघुवीर शांडिल्य के निर्देशानुसार जिले में लिंगानुपात में सुधार तथा अवैध गर्भपात रोकने हेतु टीम का गठन किया हुआ है जो समय समय पर गुप्त सूचना पर लगातार छापेमारी कर रही है। टीम ने 52 एक्सपायरी डेट की दवाई जब्त की। स्वास्थ्य विभाग की टीम ने लोहड़ बाजार इलाके में स्थित एक दवाइयों की दुकान पर छापा मारा, छापे के दौरान दुकान से 53 तरह की एक्सपायरी डेट की दवाइयां मिली। नोडल अधिकारी डॉ अनू चौधरी, ड्रग कंट्रोलर ऑफिसर सुरेन्द्र कुमार की अगुवाई में टीम लोहड बाजार पहुंची।

दुकान संचालक के सामने दुकान में रखी सारी दवाओं की जांच की तो 121 प्रकार की दवाइयां जब्त की गई तथा जिनमें से 53 तरह की दवाए एक्सपायरी डेट कि पाई गई थी जो दुकान के अलग अलग रैक में डिस्प्ले की गई थी। कार्यवाही के दौरान संबंधित दुकानदार से वैध लाइसेंस मांगा गया तो लाइंसेस की अवधि एक वर्ष पूर्व जुलाई 2025 में ही समाप्त हो चुकी थी टीम ने मेडिकल संचालक को ड्रग एक्ट के तहत कार्रवाई करते हुए नोटिस दिया गया है।

टीम ने गुप्त सूचना पर दिनोद रोड़ पर वीरवार देर रात एक निजी क्लिनिक तथा दिनोद रोड पर स्थित एक मकान पर छापा मारा गया। मकान के अन्दर से 400 की संख्या में प्रतिबंधित दवाइयों पकड़ी गई जो नारकोटिक श्रेणी में आती हैं। संबंधित व्यक्ति घर से 70 तरह के अन्य दवाइयाँ जब्त कि गई जो ड्रग एण्ड कॉस्मेटिक ऐक्ट 1940 के तहत आती हैं। संबंधित व्यक्ति प्रतिबंधित दवाइयों से संबंधित किसी भी प्रकार का रिकार्ड प्रस्तुत करने मे असमर्थ था। संबंधित व्यक्ति के खिलाफ अनाज मंडी चौकी भिवानी में प्रतिबंधित दवाइयां रखने पर नारकोटिक्स एण्ड सायकोंट्रॉपिक सबस्टेनस एक्ट के तहत आगामी कार्यवाही करवाते हुए एफआईआर करवा दी गई है।

## चीट फंड कंपनियों के पीड़ित निवेशकों की बैठक कल

**भिवानी।** चीट फंड कंपनियों के पीड़ित निवेशकों के सब्र का बांध टूट गया है, जिसको लेकर पीड़ित निवेशकों ने बैठक करने का निर्णय लिया है। इस राष्ट्रव्यापी सत्याग्रह के तहत देश के विभिन्न जिलों और तहसीलों में ठगी को लेकर पीड़ित निवेशकों द्वारा मांगों को लेकर 19 जुलाई को हुडा पार्क में बैठक का आयोजन किया जाएगा, जिसकी अध्यक्षता राज्य प्रधान रामजस व संचालन मीडिया प्रभारी राजेश बड़ाला करेंगे। बैठक का आयोजन सुबह 10 बजे किया जाएगा। राजेश बड़ाला ने बताया कि निवेशक के बड्स एक्ट-2019 के तहत फार्म जमा किए गए थे, वे सभी पीड़ित निवेशक अपने दस्तावेजों के साथ बैठक पहुंचे।

बैठक का मुख्य उद्देश्य आगे की रणनीति को और अधिक मजबूत करना हैं। उन्होंने कहा कि ये देश के लोकतंत्र और संसद का सबसे बड़ा अपमान है, वर्ष 2019 में देश की संसद ने सर्वसम्मति से अनियमित जमा योजनाएं पाबंदी अधिनियम 2019 (बड्स एक्ट-2019) पास किया था। इस कानून के तहत ठगी पीड़ित परिवारों को उनके निवेश का दो से तीन गुना भुगतान 180 दिनों के भीतर करने की कानूनी गारंटी दी गई थी।

## अवैध देशी कट्टे के साथ युवक गिरफ्तार, रिमांड पर लिया

- तलाशी के दौरान युवक के पास से अवैध देशी कट्टा बरामद हुआ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चरखी दादरी



भिवानी। पुलिस गिरफ्त में आरोपित।

दादरी पुलिस के स्पेशल स्टाफ ने युवक को अवैध देशी कट्टे (पिस्टल) के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपित की पहचान दादरी के वार्ड 15 सिंघान मोहल्ला निवासी राहुल के रूप में हुई है। पुलिस प्रवक्ता योगेश ने बताया कि वीरवार को स्पेशल स्टाफ की टीम हेड कांस्टेबल मंजीत, ईएएसआई सोमबीर, ईएचसी विकास, सिपाही अनूप, ईएएसआई राजेश स्थानीय लोहारू चौक के समीप गश्त कर रहे थे।

उसी दौरान टीम को सूचना मिली कि एक युवक अवैध हथियार के साथ सेक्टर कलियाणा रोड के पास खड़ा है और कहीं जाने की फिराक में है। जिस पर टीम तुरंत सूचना के अनुसार बताए गए स्थान पर पहुंची और एक युवक को काबू किया। पूछताछ में उसने अपनी पहचान राहुल कुमार निवासी सिंघान मोहल्ला वार्ड 15 दादरी के रूप में बताई। तलाशी के दौरान उसके पास से एक अवैध देशी कट्टा (पिस्टल) बरामद हुआ। युवक उक्त हथियार से संबंधित कोई वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सका। दादरी सिटी थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। आरोपित को पूछताछ के लिए एक दिन के रिमांड पर लिया गया है।

### पानी की मांग को लेकर एसई व एक्सइन से मिला प्रतिनिधिमंडल

## 23-31 जुलाई तक पानी चलाने का मिला आश्वासन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी



भिवानी। सिंचाई विभाग के अधिकारियों से मिलते किसान प्रतिनिधि मंडल के सदस्य। फोटो : हरिभूमि

अखिल भारतीय किसान सभा के नेतृत्व में जमालपुर धरनारत किसानों का प्रतिनिधि मण्डल सिंचाई विभाग के अधीक्षण अभियन्ता ओपी विश्नोई व कार्यकारी अनिभन्ता राहुल से मिला तथा सुन्दर नहर में 42 दिन में 15 दिन पानी आपूर्ति देने तथा सुन्दर नहर के अन्तर्गत सभी रजबाहों की सफाई करने की मांग की। प्रतिनिधि मण्डल का नेतृत्व किसान सभा के जिला प्रधान रामफल देशवाल , उप प्रधान कामरेड ओम प्रकाश , बवानी खेड़ा प्रधान राजेश कुंगड़ ब्लाक सचिव रामोतार बलियाली , रतेरा के पूर्व सरपंच जगदीश व जमालपुर के प्रहलाद यादव कर रहे थे।

सिंचाई विभाग के दोनों उच्च अधिकारियों के सामने किसानों ने अपनी दुख भरी व्यथा रखी कि उन्हें सुन्दर ब्रांच के जरिये न तो पीने का पानी मिल रहा है तथा सिंचाई व्यवस्था पूरी चौपट हो गई है। 42 दिनों में केवल 2 दिन नहर चल कर बंद हो जाती है और सुन्दर नहर ब्रांच के तहत पड़ने वाले सभी गांवों में पानी के अभाव में हाहाकार मचा हुआ है। इसलिए किसानों ने मजबूर होकर 27 जून से जमालपुर गांव में अनिश्चित कालीन धरना लगाया है और इस धरने को विपक्ष की सभी राजनीतिक पार्टियों तथा अन्य किसान मजदूर संगठनों से लगातार समर्थन मिल रहा है। 16 जुलाई को बवानी खेड़ा से वर्तमान विद्यायक कपूर बाल्मीकि भी धरने पर पहुंचे और उनकी नहरी पानी सम्बंधित मांग को राज्य सरकार व सिंचाई विभाग के अधिकारियों तक पहुंचा कर उनकी समस्या का समाधान करवाने का आश्वासन दिया।

उधर बातचीत के दौरान सिंचाई विभाग के दोनों उच्च अधिकारियों ने किसानों को आश्वासन दिया कि अब सुन्दर ब्रांच में 23 जुलाई से 31 जुलाई तक पूरे आठ दिन पानी नियमित रूप से चलेगा और यदि बारिश अच्छी हुई तो तीन महिने इसी तरह एक सप्ताह तक पानी छोड़ा जाएगा। किसान प्रतिनिधि मण्डल में बहादुर सिंह , किसान नेत्री सन्तोष देशावाल , . महाबीर मलिक, रामफल ढाणी किरावड़ , जगबीर अलखपुरा , ईश्वर बागनवाला , सरदारा यादव , अनूप शर्मा , वेद प्रकाश खेड़ी , अशोक सरदाना आदि शामिल थे।



बवानीखेड़ा। गांव जमालपुर में धरने पर विधायक को मांग पत्र सौंपते हुए।

## सुंदर नहर में पुरा पानी चलाने के लिए धरना 21वें दिन जारी रहा, विधायक पहुंचे

**बवानीखेड़ा।** गांव जमालपुर में किसानों का पानी की मांग को लेकर धरना बदस्तूर जारी है। इस धरने की अध्यक्षता महावीर मलिक व शीला यादव ने की। धरने में इस बात पर भी चर्चा हुई की हल्का विधायक कपूर वाल्मीकि जिन्होंने धरने पर आकर आश्वासन देकर गये कि में सुंदर नहर के पानी की लड़ाई को मुख्यमंत्री के सामने भी रखेगें। इसी को लेकर किसानों ने विधायक कपूर वाल्मीकि को मांग पत्र सौपा। धरना कमेटी ने शुक्रवार को सुंदर नहर में पूरा पानी चलाने के लिए धरना 21वें दिन भी जारी रहा। धरने की अध्यक्षता महावीर मलिक व शीला यादव ने की। धरने में इस बात पर भी चर्चा हुई की हल्का विधायक कपूर बालमिक जो कि धरने पर आकर आश्वासन देकर गये कि में आपकी सुंदर नहर के पानी की लड़ाई को मुख्यमंत्री के सामने भी रखेगें। धरना कमेटी ने धरने में जगदीश पूर्व सरपंच रतेरा, अखिल भारतीय किसान सभा तहसील प्रधान राजेश कुगड़, वेद प्रकाश खेडी, सरदारा यादव, प्रहलाद, रामफल, ढाणी किरावड, सज्जन फौजी, अशोक गोयत, चन्दो, बाला, कमला, सावित्री आदि शामिल हुए।



# ओएमजी 2 का आइडिया मेरा था क्रेडिट तक नहीं दिया गया : परेश

**मुंबई।** अभिनेता परेश रावल ने अक्षय कुमार और पंकज त्रिपाठी की फिल्म 'ओएमजी 2' को लेकर एक बड़ा दावा किया है। एक्टर ने दावा किया कि 'ओएमजी 2' की कहानी असल में एक आइडिया के तौर पर शुरू हुई थी, जिसे उन्होंने डायरेक्टर अमित राय के साथ मिलकर डेवलप किया था। बाद में उन्हें ही इस कहानी या कॉन्सेप्ट का क्रेडिट नहीं दिया गया। एक्टर ने यह भी कहा कि अक्षय कुमार के इस प्रोजेक्ट से जुड़ने के बाद कहानी में काफी बदलाव किए गए, जिसकी वजह से उन्होंने फिल्म से अलग होने का फैसला किया। उन्होंने बताया कि उनकी ओरिजिनल कहानी पिता-बेटे के रिश्ते पर आधारित एक ड्रामा थी, जिसमें यौन शिक्षा, लोगों के बीच बेइज्जती और न्याय के लिए माता-पिता की लड़ाई जैसे मुद्दे शामिल थे।

## लाइफ Style



# कृति
## सनकी लड़की का रोल करना चाहती हूं

कृति सेनन का कहना है कि अब वे लीक से हटकर किरदारों के जरिए खुद को चुनौती देने के लिए उत्साहित हैं। अभिनेत्री ने माना कि वे जाने-पहचाने किरदारों से आगे बढ़ना चाहती हैं और उन्हें खास तौर पर साइकोलॉजिकली इंटेंस किरदार पसंद हैं। उन्होंने कहा कि वे पर्दे पर 'साइको चिक' का रोल निभाना पसंद करेंगी।

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली


कृति सेनन ने हाल ही में एक बातचीत में उस तरह के किरदारों के बारे में बात की, जिन्हें वे भविष्य में आजमाना चाहती हैं। उन्होंने बताया कि साइकोलॉजिकल ड्रामा 'ऑब्सेशन' देखने के बाद उन्हें स्क्रिप्ट चुनने के अपने तरीके पर फिर से सोचने की प्रेरणा मिली। फिल्म के असर के बारे में बात करते हुए कृति ने कहा, 'जब मैंने 'ऑब्सेशन' देखी, तो मुझे लगा, 'अरे बाप रे, हमें सेफ खेलने की आदत छोड़नी होगी। हमें कुछ हटकर करना होगा'। इसने मुझे सच में बहुत उत्साहित किया। कृति सेनन एक 'साइको' लड़की का किरदार निभाना चाहती हैं। एक्ट्रेस ने जेंडाया जैसे स्टार्स को भी इसका क्रेडिट दिया, जिन्होंने अपनी शानदार परफॉर्मेंस मुश्किल किरदारों को निभा पाने की हिम्मत से प्रेरित किया है। कृति ने रियल पर्सनैलिटी से बिल्कुल हटकर किरदार निभाने की ख्वाहिश जताई। उन्होंने कहा, 'मैं एक सनकी किरदार निभाना चाहती हूं'। कृति सेनन ने कहा, 'मैं किरदारों को लेकर सेफ साइड में नहीं चलना चाहती। एक अभिनेत्री के रूप में, ऐसा जीवन जीना बहुत रोमांचक है, जो आपके जीवन से बिल्कुल अलग है और उस व्यक्ति का पता लगाना जो आप नहीं हैं। मैं पूरी तरह से किसी मानसिक रोगी का किरदार निभाना पसंद करूंगी'। कृति के वर्क फ्रंट की बात करें तो हाल ही में उन्हें 'कॉकटेल 2' में देखा गया।

## हॉलीवुड मसाला



# बड़े शहरों में द ओडिसी के टिकट काफी महंगे

**नई दिल्ली।** क्रिस्टोफर नोलन की मच अवेटेड फिल्म 'द ओडिसी' शुक्रवार को थिएटर्स में रिलीज हो चुकी है। टिकट की कीमतें चौंकाने वाली हैं। पुणे के आईएनओएक्स मेगाप्लेक्स में रिक्लाइनर सीट की कीमत 3,400 है। मुंबई के लोअर परेल स्थित पीवीआर आइकान, फीनिक्स पैलेडियम में यही सीट 3,100 में मिल रही है। वहीं, दिल्ली-एनसीआर के पीवीआर आईमैक्स (प्रिया) में टिकट 2,500 तक पहुंच गए हैं। बेंगलुरु में सिनेपोलिस नेक्सस शांतिनिकेतन में एक टिकट 1,950 का है, जबकि आईएनओएक्स साउथ सिटी मॉल में टिकट 1,240 तक मिल रहा है। फिल्म को लेकर दर्शकों में काफी एक्साइटमेंट है और एडवांस बुकिंग भी तेजी से हो रही है।



# सिनेमा में आने से पहले करता था कारपेंटर का काम

**नई दिल्ली।** ऐसे कई एक्टर हुए, जिन्होंने अपने स्ट्रगल के दिनों में छोटे- मोटे काम किए और फिर सिनेमा के बड़े स्टार बने. उनके टैलेंट को पूरी दुनिया ने सराहा। आज हम ऐसे ही एक एक्टर के बारे में बताने जा रहे हैं। वो एक्टर हैं हैरिसन फोर्ड। 1960 के दशक के आखिर में संघर्ष कर रहे हैरिसन फोर्ड ने अपने परिवार का खर्च चलाने के लिए लाइब्रेरी की किताबों को पढ़ कर कारपेंटरी (बढ़ई का काम) सीखी और वह हॉलीवुड सेलेब्स के बीच पसंदीदा कारीगर बन गए। 1975 में जब वह उस ऑफिस में दरवाजा लगा रहे थे, जहां जॉर्ज 'स्टार वॉर्स' के लिए ऑडिशन ले रहे थे। तब फोर्ड से ऑडिशन देने वाले एक्टर्स के साथ डायलॉग पढ़ने के लिए कहा गया। उनकी प्रतिभा को देखते हुए उन्हें 'हान सोलो' के रोल के लिए चुना गया। फोर्ड 1960 के दशक में हॉलीवुड आए और कोलंबिया पिक्चर्स के साथ कॉन्ट्रैक्ट साइन किया। उन्हें सिर्फ छोटे-मोटे और असंतोषजनक रोल मिले, जिनसे मुश्किल से ही गुजारा हो पाता था।



# हिंदी फिल्म इंडस्ट्री में लोग सपोर्ट नहीं करते

**मुंबई।** अभिनेत्री रकुल प्रीत सिंह कई तेलुगु और हिंदी फिल्मों में काम कर चुकी हैं। हाल ही में उन्होंने दोनों इंडस्ट्रीज में काम करने के माहौल के बारे में बात की। उन्होंने बताया कि उन्हें लगता है कि टॉलीवुड में लोग एक बड़े परिवार की तरह काम करते हैं, जबकि बॉलीवुड में माहौल अलग होता है। रकुल प्रीत सिंह ने बताया कि तेलुगु इंडस्ट्री ने हमेशा उनका गर्मजोशी से स्वागत किया है और सपोर्ट किया है। रकुल के मुताबिक, वहां के एक्टर्स, डायरेक्टर्स और प्रोड्यूसर्स हमेशा एक-दूसरे का हौसला बढ़ाने के लिए तैयार रहते हैं। उन्होंने कहा कि वे खुशी-खुशी एक-दूसरे के ट्रेलर को प्रमोट करते हैं। दूसरी ओर, उन्होंने कहा कि हिंदी फिल्म इंडस्ट्री में उन्हें अक्सर लोगों में असुरक्षा की भावना महसूस होती है। उन्होंने कहा कि इसी वजह से कई लोग खुलकर दूसरों की फिल्मों को सपोर्ट नहीं करते हैं।



# 4000 करोड़ की रामायण में भगवान शिव बनेगा ये एक्टर

**नई दिल्ली।** नितेश तिवारी की 'रामायण' में भगवान शिव के किरदार के लिए मोहित रैना का नाम सबसे आगे चल रहा है। हालांकि, फिल्म के मेकर्स की ओर से अभी तक इस कास्टिंग को लेकर कोई आधिकारिक घोषणा नहीं की गई है। इसके बावजूद सोशल मीडिया और फिल्मी गलियारों में लगातार यही दावा किया जा रहा है कि मेकर्स इस अहम भूमिका के लिए मोहित रैना को लेकर काफी उत्साहित हैं। मोहित रैना ने टीवी के पॉपुलर शो 'देवों के देव... महादेव' में भगवान शिव का किरदार निभाकर जबरदस्त लोकप्रियता हासिल की थी। उनकी एक्टिंग, डायलॉग्स और स्क्रीन प्रेजेंस ने इस किरदार को दर्शकों के बीच बेहद खास बना दिया था। यही वजह रही कि आज भी बड़ी संख्या में लोग उन्हें 'महादेव' के नाम से पहचानते हैं। अगर रिपोर्ट्स सही साबित होती हैं तो लंबे समय बाद दर्शकों को एक बार फिर उन्हें भगवान शिव के रूप में देखने का मौका मिल सकता है।

## टीवी मसाला




# सोनू ने गाया था दूरदर्शन के पॉपुलर शो का गाना

**नई दिल्ली।** टीवी पर सिर्फ एक धुन बजती थी।.. और अगले ही पल पूरा घर चुप हो जाता था। बच्चों की बातें रुक जाती थीं, बड़े भी अपनी जगह छोड़ने का नाम नहीं लेते थे। जैसे-जैसे गाने की धुन आगे बढ़ती, वैसे-वैसे तिलिस्म और रोमांच से भरी एक नई दुनिया का दरवाजा खुलने लगता था। मजेदार बात ये है कि उस धुन को सुनकर करोड़ों लोगों ने बचपन बिताया, लेकिन उसकी आवाज के पीछे कौन था, ये राज आज भी बहुत कम लोग जानते हैं। फिल्मों में अपनी आवाज का जादू बिखेरने से पहले एक मशहूर सिंगर ने दूरदर्शन के इस सुपरहिट शो को अपनी आवाज देकर हमेशा के लिए यादगार बना दिया। ये शो था 'चंद्रकांता', जिसने 90s में दूरदर्शन पर आते ही दर्शकों को अपना दीवाना बना लिया था। शो की कहानी जितनी दिलचस्प थी, उसका टाइटल सॉन्ग भी उतना ही खास था। बहुत कम लोग जानते हैं कि इस यादगार टाइटल ट्रैक को सोनू निगम ने अपनी आवाज दी थी। उनकी आवाज ने शो के रहस्यमयी माहौल को ऐसा रंग दिया कि पहली धुन बजते ही लोग टीवी के सामने टिक जाते थे। तिलिस्म, ऐयारी, प्यार और सस्पेंस से भरी चंद्रकांता की दुनिया हर हफ्ते दर्शकों को नई रोमांचक यात्रा पर ले जाती थी। लेकिन शो का टाइटल सॉन्ग भी इसकी सबसे बड़ी पहचान बन गया. उस दौर में ना सोशल मीडिया था और ना ही यूट्यूब, फिर भी लोग इसकी धुन गुनगुनाते थे। यही वजह है कि आज भी ये गाना सुनते ही 90s की ढेर सारी यादें ताजा हो जाती हैं।

### आकांक्षा के कारण असहज हो जाते हैं धीरज

**नई दिल्ली।** टीवी एक्टर धीरज धूपर ने रियलिटी शो "लॉक अपः सच या सजा" में अपनी को-कंटेस्टेंट आकांक्षा चमोला को 'रेड फ्लैग' कहा है, क्योंकि उनके व्यवहार से धीरज को असहज महसूस होता है। शो के आने वाले 'जजमेंट डे'



एपिसोड में एक्टर अर्जुन कपूर धीरज से पूछेंगे कि वह आकांक्षा को क्या टैग देना चाहेंगे। आकांक्षा ने पहले खुलकर खुद को 'बाइसेक्सुअल' बताया था और बाद में शो के दौरान खुद को 'एसेक्सुअल' कहा। धीरज ने उन्हें रेड फ्लैग का टैग दिया और इसकी वजह भी बताई। उन्होंने कहा, रेड फ्लैग, जिस तरह से वह व्यवहार करती हैं, उससे मैं असहज हो जाता हूं। उन्होंने पामेला सेरेना के साथ आकांक्षा की करीबी बॉन्डिंग की ओर भी इशारा किया. धीरज की बात सुनकर आकांक्षा नाराज हो गईं और कहा- ऐसा लग रहा है जैसे मैं आपको शारीरिक रूप से असहज कर रही हूं। नेटफ्लिक्स के इस शो में आकांक्षा चौधरी, योगेश रावत, राम कपूर, श्रेया कालरा, शिवांगी जोशी, हर्षद चोपड़ा, सूफी मोतीवाला, धीरज धूपर और वरुण यादव (उर्फ लैला) जैसे मशहूर नाम शामिल हैं।

# 7 महीने की प्रेग्नेंसी में किया ताबड़तोड़ एक्शन



**नई दिल्ली।** बॉलीवुड एक्ट्रेस दीपिका पादुकोण पर्दे पर कई तरह के रोल कर चुकी हैं। उन्होंने रोमांटिक हीरोन से लेकर एक्शन हीरोइन तक माना जाता है। दीपिका पादुकोण इन दिनों प्रेग्नेंट हैं। लेकिन, इस दौरान भी दिग्गज एक्ट्रेस का जज्बा कम होने का नाम नहीं ले रहा है। दीपिका पादुकोण अपनी तीसरी तिमाही में भी रुके बिना काम कर रही हैं। एक रिपोर्ट के अनुसार, दीपिका अपनी आने वाली फिल्म राका की शूटिंग लगातार चला रही हैं। आठ घंटे की तय शिफ्ट और वर्क-लाइफ बैलेंस की वकालत के बावजूद वे फिल्म को समय पर पूरा करने के लिए पूरी तरह समर्पित हैं।सात महीने की प्रेग्नेंसी में दीपिका नाइट शिफ्ट्स कर रही हैं और बेहद चुनौतीपूर्ण एक्शन सीक्वेंस शूट कर रही हैं। मैटरनिटी लीव से पहले वे इस प्रोजेक्ट को पूरा करने पर पूरा ध्यान दे रही हैं। फिल्म की टीम दीपिका के प्रोफेशनलिज्म से काफी प्रभावित है। टीम के एक सदस्य ने कहा, "दीपिका ने मैटरनिटी ब्रेक से पहले फिल्म पूरी करने का फैसला कर लिया था। कुछ एक्शन सीक्वेंस बेहद मुश्किल और थकाऊ थे, लेकिन उन्होंने हर चुनौती को पार कर लिया. सेट पर उनका यह जुनून सबके लिए प्रेरणादायक है। साथ ही घर पर उनकी डेढ़ साल की बेटी को भी वे पूरा समय और प्यार दे रही हैं।" राका एटली की महत्वाकांक्षी साइंस-फिक्शन फैंटेसी एक्शन फिल्म है, जिसमें अल्लू अर्जुन और दीपिका पादुकोण मुख्य भूमिकाओं में हैं। बड़े बजट वाली इस पैन-इंडिया फिल्म में शानदार विजुअल इफेक्ट्स और दमदार एक्शन सीक्वेंस देखने को मिलेंगे.

# बंटवारा 1947 से पहले रिलीज हो रही हैं सनी की ये 3 फिल्में

**मुंबई।** सनी देओल अगले महीने फिर से पर्दे पर नजर आने वाले हैं। उनकी फिल्म बंटवारा 1947 सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। यह फिल्म 14 अगस्त को बड़े पर्दे पर दस्तक देगी। लेकिन, उससे पहले सनी देओल की लगातार तीन हफ्ते में तीन फिल्में रिलीज होने वाली हैं। सनी देओल बॉलीवुड के दिग्गज कलाकारों में से एक हैं। फैंस उनकी फिल्म का बेसब्री से इंतजार करते हैं। आने वाले 20 दिन के अंदर सनी देओल ने तीन बड़ी हिट फिल्में फिर से सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली हैं।




### कौन-कौन सी फिल्में होंगी रिलीज


दरअसल, पीवीआर इनॉक्स सनी देओल और राजकुमार संतोषी की शानदार विरासत का जश्न मना रहा है। इसके लिए वे 90 के दशक की तीन यादगार ब्लॉकबस्टर फिल्मों को फिर से रिलीज कर रहे हैं। इस रेट्रोस्पेक्टिव की शुरुआत 24 जुलाई को दामिनी से होगी, इसके बाद 31 जुलाई को घातक और 7 अगस्त को घायल को सिनेमाघरों में दिखाया जाएगा। यह दर्शकों को 14 अगस्त को 'बंटवारा 1947' की रिलीज से पहले बड़े पर्दे पर इन क्लासिक फिल्मों का अनुभव करने का मौका देता है। यह पहल भारतीय सिनेमा की सबसे मशहूर फिल्ममेकर-एक्टर जोड़ी को सम्मान देती है और साथ ही पुराने फैंस और नई पीढ़ी के दर्शकों को इन यादगार फिल्मों को एक बार फिर थिएटर में देखने के लिए आमंत्रित करती है। बात करें फिल्म 'दामिनी' की तो यह फिल्म पहली बार साल 1993 में सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। इस फिल्म को बड़े पर्दे पर खूब पसंद किया गया था। 'दामिनी' में सनी देओल के साथ ऋषि कपूर,मीनाक्षी शेषाद्री और अमरीश पुरी मुख्य भूमिका में हैं। वहीं, फिल्म घातक में साल 1996 में सिनेमाघरों में आई थी। इस फिल्म ने उस वक्त बॉक्स ऑफिस पर धूम मचा दी थी। 'घायल' की सनी देओल के कॅरियर की कल्ट फिल्मों में से एक है। यह फिल्म 1990 में रिलीज हुई थी। इन सभी फिल्मों में सनी देओल के साथ मीनाक्षी शेषाद्री मुख्य भूमिका में थीं।

## पर्दे पर शायर बनते-बनते रह गए, लीना के साथ आने वाले थे नजर

# 57 साल पहले डिब्बा बंद हुई थी अमिताभ की फिल्म

एजेंस ⏭ नई दिल्ली

अमिताभ बच्चन को आज के समय में हिंदी सिनेमा का महानायक माना जाता है। पिछले 6 दशकों से ज्यादा लंबे करियर में अमिताभ ने एक से बढ़कर एक मूवीज के जरिए दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया है। ज्यादा बातें उनकी हिट फिल्मों की जाती है, लेकिन आज चर्चा बिग बी की उस फिल्म के बारे में होगी, जिसमें अमिताभ बच्चन एक शायर की भूमिका निभाने वाले थे। ये एक बायोपिक मूवी थी और इसकी शूटिंग भी शुरू हो गई थी। लेकिन. फिर बाद में जाकर ये डिब्बा बंद हो गई। आइए जानते हैं कि अमिताभ बच्चन की 57 साल पुरानी वह फिल्म कौन सी थी।



### मिर्जा गालिब पर बनी हैं ये फिल्म

अमिताभ बच्चन बेशक पर्दे पर शायर मिर्जा गालिब की भूमिका नहीं निभा पाए। लेकिन, इस शायर की जिंदगी पर बनी सबसे मशहूर फिल्म मिर्जा गालिब (1954) में दिग्गज अभिनेता रहे भरत भूषण ने मुख्य भूमिका निभाकर वाहवाही लूटी थी।

### कुछ दिनों की शूटिंग के बाद बंद हो गई

फिल्म की कास्ट के स्क्रीन टेस्ट भी हो गए थे, जिसमें अमिताभ ने सभी को प्रभावित किया। इसी वजह से सवान कुमार ने मिर्जा गालिब के शुरुआती सीन्स को भी फिल्मा लिया था। लेकिन, कुछ दिनों की शूटिंग के बाद मिर्जा गालिब बंद हो गई। आईएमडीबी की रिपोर्ट में ये दावा किया जाता है कि इस मूवी के निर्माताओं का अमिताभ बच्चन की आवाज और दुबले-पतले शरीर को लेकर स्क्रीन प्रजेंस पर संदेह होने लगा। उन्होंने मिर्जा गालिब पर पैसा लगाने से मना कर दिया और सावन कुमार टांक की मूवी से हाथ पीछे खींच लिए। इस तरह से अमिताभ बच्चन और लीना चंदावरकर की मिर्जा गालिब ठंडे बस्ते में चली गई और फिर कभी रिलीज नहीं हो पाई।

### सावन कुमार ने बनाई थी फिल्म बनाने की योजना

साल 1969 में आई निर्देशक ख्वाजा अहमद अब्बास की फिल्म सात हिंदुस्तानी से अमिताभ बच्चन ने बतौर अभिनेता हिंदी सिनेमा में कदम रखा था। लेकिन, क्या आप जानते हैं कि इससे पहले एक और ऐसी फिल्म बन रही थी, जिससे बिग बी का डेब्यू हो सकता था। इसी साल निर्देशक सावन कुमार टांक ने एक फिल्म बनाने की योजना बनाई थी, जिसका नाम था- मिर्जा गालिब। जी हां, मशहूर शायर रहे मिर्जा गालिब की बायोपिक में अमिताभ बच्चन को लीड एक्टर के तौर पर चुना गया। उनके साथ इस मूवी में अभिनेत्री लीना चंदावरकर को कास्ट किया गया था। सब कुछ सही चल रहा था।

## खबर संक्षेप

### डीएवी स्कूल भिवानी में करवाया हवन

**भिवानी।** डीएवी पुलिस पब्लिक स्कूल भिवानी में अत्यंत हर्ष और उल्लास से यज्ञ का आयोजन किया गया। इस पुनीत कार्यक्रम में नर्सरी से बारहवीं तक के छात्र-छात्राओं ने उत्साह से भाग लेकर वैदिक मंत्रों से यज्ञ आहुतियाँ दीं। इस कार्यक्रम में वैदिक प्रचार सभा की विदुषी तनु आर्या के साथ बैंक सेवा निवृत्त श्री बाबूलाल ने शिरकत किया।तनु आर्या के द्वारा प्रेरक भजन की प्रस्तुतियाँ दी गईं। ये जीवन और चरित्र को ऊर्ध्वगामी बनाने वाले रहे। आधुनिक शिक्षा के साथ-साथ विद्यालय में प्रति शुक्रवार को यज्ञायोजन कर छात्र-छात्राओं की मनोभूमि को परिष्कृत,परिमार्जित और संस्कारित करने के लिए यज्ञीय उपक्रम भी चलाया जाता है।

### आदर्श भारती स्कूल में किया पौधरोपण

**बहल।** शुक्रवार को आदर्श भारती पब्लिक स्कूल सिधनवा में पधारोपण अभियान की शुरुआत की गई। विद्यालय के डायरेक्टर इंदर सिंह श्योराण वह संस्था की चेयरपर्सन सुशीला देवी ने पौधारोपण अभियान की शुरुआत की बच्चों को पौधे लगाने के साथ-साथ उनका संरक्षण करने के लिए प्रेरित किया तथा बताया गया कि जिस पोस्ट दे जिस बच्चे का पौधा सबसे स्वस्थ होगा उसको रजिस्टर वह पेन पुरस्कार के तौर पर दिया जाएगा।

### अनुसंधान परियोजना को मिली मंजूरी

**बहल।** जीडीसी मेमोरियल कॉलेज, बहल के भूगोल विभागाध्यक्ष एवं सहायक प्राध्यापक डॉ. हिमांशु ग्रोवर को हरियाणा स्टेट हायर एजुकेशन काउंसिल द्वारा हरियाणा स्टेट रिसर्च फंड के अंतर्गत 10,98,400 रुपए की अनुसंधान परियोजना स्वीकृत की गई है। संस्थान निदेशक एंव जीडीसी प्राचार्य डॉ. एसके सिन्हा ने बताया कि अर्ध-शुष्क हरियाणा में सतत कृषि हेतु भूजल प्रबंधन एवं एक्वीफर रिचार्ज जोनेशन का भू-स्थानिक अध्ययन विषय पर आधारित यह शोध परियोजना दो वर्ष की अवधि के लिए स्वीकृत की गई है।

### चेयरपर्सन तृप्ति और सुनीता का किया स्वागत

**चरखी दादरी।** चरखी स्थित एससीआर वमा विद्यालय में हरियाणा राज्य बाल संरक्षण आयोग की चेयरपर्सन तृप्ति श्योराण तथा हरियाणा महिला विकास निगम की चेयरपर्सन सुनीता दांगी के आगमन पर समारोह का आयोजन किया। चेयरपर्सन तृप्ति श्योराण व सुनीता दांगी ने विद्यार्थियों से शिक्षा के साथ अच्छे संस्कार, अनुशासन, आत्मविश्वास और सामाजिक जिम्मेदारियों को जीवन का अभिन्न हिस्सा बनाने का आह्वान किया।

### दादरी को जेल नहीं, शिक्षा और स्वास्थ्य सुविधाएं चाहिएः मराठा

**चरखी दादरी।** इंडियन नेशनल लोकदल के वरिष्ठ नेता राहुल मराठा ने भाजपा सरकार पर दादरी की उपेक्षा का आरोप लगाते हुए कहा कि क्षेत्र की जनता को विकास के नाम पर केवल घोषणाएं और वादे मिले हैं, जबकि जमीनी स्तर पर स्थिति लगातार खराब होती जा रही है। उन्होंने कहा कि दादरी को जेल नहीं, आधुनिक सरकारी कॉलेज, बेहतर स्कूल, अस्पताल व रोजगार के अवसरों की आवश्यकता है। मराठा ने कहा कि सरकारी कॉलेज की घोषणा के वर्षों बाद स्थायी इमारत तैयार नहीं हो सकी है। विद्यार्थियों को पर्याप्त सुविधाएं नहीं मिल रही हैं ।

### गांव थिलोड़ में निकाली जागरूकता रैली

**तोशाम।** गांव थिलोड़ में भ्रूण हत्या न करने व बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान के तहत एक रैली निकाली गई। रैली निकालकर कन्या भ्रूण हत्या रोकने, बेटियों की शिक्षा को बढ़ावा देने और समाज में सकारात्मक सोच विकसित करने का संदेश दिया। वहीं लिंग अनुपात को लेकर सुनील पूनिया की अध्यक्षता में एक बैठक भी की गई। रैली का गांव में व्यापक प्रभाव देखने को मिला। सुनीता , सुदेश ने कहा कि बेटियां अब बोझ नहीं, बल्कि देश का भविष्य हैं।

## खंड स्तरीय सांस्कृतिक प्रतियोगिता में दिखाई प्रतिभा

# लोहारी जाटू स्कूल की छात्राओं ने जीती ओवरऑल ट्रॉफी

**छात्राओं ने सीनियर विंग में ग्रुप डांस व स्किट में प्रथम स्थान हासिल किया**

हरिभूमि न्यूज ⏭ बवानीखेड़ा



**बवानीखेड़ा।** खंड स्तरीय प्रतियोगिता में बाजी मारने पर सम्मानित करते हुए अधिकारी। फोटो : हरिभूमि

बवानीखेड़ा खंड के अंतर्गत आने वाले लोहारी जाटू के राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय की छात्राओं ने खंड स्तरीय सांस्कृतिक प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए कला, संगीत, नृत्य, नाटक तथा लोक परंपराओं में ओवरऑल ट्रॉफी अपने नाम कर विद्यालय और क्षेत्र का गौरव बढ़ाया है।

छात्राओं ने सीनियर विंग में ग्रुप डांस, स्किट में प्रथम स्थान व रागीनी में तृतीय स्थान, जूनियर विंग में स्किट और सोलो डांस में प्रथम स्थान, ग्रुप डांस में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। छात्राओं की इस उपलब्धि से विद्यालय में खुशी का माहौल है तथा शिक्षकों और अभिभावकों ने विजेता प्रतिभागियों को बधाई दी है। विद्यालय प्राचार्या पुष्पा जोशी ने बताया कि छात्राओं ने कला, संगीत, नृत्य और नाटक जैसी विभिन्न प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। प्रतिभागियों ने अपनी प्रतिभा का शानदार परिचय देते हुए कई प्रतियोगिताओं में शीर्ष स्थान प्राप्त किए और अंततः ओवरऑल ट्रॉफी पर कब्जा जमाया। प्रतियोगिता के दौरान छात्राओं ने समूह गान, स्किट और अन्य सांस्कृतिक प्रस्तुतियों में बेहतरीन प्रदर्शन कर निर्णायकों और दर्शकों की खूब सराहना बटोरी। विद्यालय की टीम ने विभिन्न वर्गों में पुरस्कार हासिल कर अपनी प्रतिभा और मेहनत का लोहा मनवाया।

इस सफलता के साथ विद्यालय जिले के अग्रणी शैक्षणिक संस्थानों में अपनी अलग पहचान बनाने में सफल रहा। जिला शिक्षा अधिकारी निर्मल दहिया, बीईओ सतेन्द्र सिंह एवं प्रतियोगिता में उपस्थित अधिकारियों ने छात्राओं की उपलब्धि की सराहना करते हुए कहा कि ग्रामीण क्षेत्र की बेटियां आज हर मंच पर अपनी प्रतिभा का परचम लहरा रही हैं।

### छात्राओं और अभिभावकों को दी बधाई

विद्यालय की प्राचार्या श्रीमती पुष्पा जोशी ने म्यूजिकल टीम में जोगेन्द्र, सुमित सहित सभी विजेता छात्राओं, उनके अभिभावकों और मार्गदर्शक शिक्षकों को बधाई देते हुए कहा कि यह उपलब्धि छात्राओं की कड़ी मेहनत, अनुशासन और समर्पण का परिणाम है। उन्होंने कहा कि विद्यालय हमेशा विद्यार्थियों की प्रतिभाओं को निखारने के लिए प्रयासरत रहता है और इसी का परिणाम है कि छात्राएं खंड एवं जिला स्तर पर अपनी अलग पहचान बना रही हैं।

# शिविर में 250 बच्चों की आंखें जांची

- टीपी एफ द्वारा श्री राम पाठशाला में सेंटर फॉर साइट के सहयोग से जांच शिविर आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी


भिवानी। रिबन काटकर शिविर का शुभारंभ करवाते हुए। फोटो : हरिभूमि

जैन तेरापन्थ की संस्था तेरापंथ प्रोफेशनल फॉर्म द्वारा मिशन दृष्टि 2026 के अंतर्गत सेंटर फॉर साइट के चिकित्सकों की टीम के सहयोग से निःशुल्क शिक्षा को समर्पित श्री राम पाठशाला में मेगा नेत्र जांच शिविर आयोजित किया गया।

इस शिविर में डॉक्टर नरेंद्र तनेजा एवं उनकी टीम ने श्रीराम पाठशाला के सभी,250 बच्चों एवं स्टाफ के नेत्रों की जांच की। सभी बच्चों को आंखों की सुरक्षा के लिए टिप्स दिए गए। डॉ नरेंद्र तनेजा ने कहा कि आंखों को दिन में कई बार ठंडे पानी से साफ करना चाहिए और टीवी और मोबाइल का प्रयोग कम से कम करना चाहिए। शिविर की अध्यक्षता प्रमुख समाजसेवी दिनेश गुप्ता ने की उन्होंने कहा कि आज का आयोजन अपने आप में बहुत महत्वपूर्ण है क्योंकि तेरापंथ की संस्था ने अपने नेत्र जांच शिविर के लिए ऐसे विद्यालय को चुना है जो निशुल्क शिक्षा को समर्पित है । इस अवसर पर अजय श्रॉफ, प्रमोद मिड्का, रूद्रांक शर्मा, दीपक तंवर , प्रखर नामदेव, सुश्री चीनू ,आनंद जैन, विकास जैन ,लक्ष्मण अग्रवाल, देवेंद्र जैन ,देवराज तोशामिया , देवेंद्र जैन, नरेश बंसल,अभिषेक गुप्ता आदि मौजूद रहे।

### हलवासिया विद्या विहार में करवाई प्रतियोगिता

**भिवानी।** हलवासिया विद्या विहार में विद्यार्थियों में विज्ञान के प्रति रुचि, जिज्ञासा एवं वैज्ञानिक सोच विकसित करने के उद्देश्य से विज्ञान प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता करवाई गई। मुख्यातिथि के रूप में राजकीय वमावि, भिवानी के रसायन विज्ञान प्रवक्ता एवं उप-प्राचार्य राकेश कुमार पधारे। प्रतियोगिता में ब्रेनियक्स टीम से छात्रा प्रतिष्ठा राणा, हुनर, भोम सिंह और आर्यन ने प्रथम स्थान,क्वांटम माइंड्स टीम के चेतना, प्रमोद, रजत और पार्थ ने द्वितीय स्थान,पायनियर्स टीम के जागृत, माधव, अभिषेक और वंश ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। एक्सप्लोरर्स टीम के धैर्य, विनायक, भोज सिंह ने प्रोत्साहन स्थान प्राप्त किया।

# डेढ़ किलोमीटर लंबी सड़क से बदलेगी शहर की तस्वीरः सैनी

हरिभूमि न्यूज ⏭ चरखी दादरी

- चरखी दरवाजा से 148बी तक निर्माण कार्य शुरू


सड़क निर्माण कार्य का जायजा लेते हुए नगर परिषद चेयरमैन बक्शीराम सैनी।

शहरवासियों की लंबे समय से चली आ रही मांग आखिरकार पूरी हो गई है। नगर परिषद ने चरखी दरवाजा से नेशनल हाईवे 148बी तक नई सड़क के निर्माण कार्य की शुरुआत कर दी है। करीब दो करोड़ 10 लाख रुपये की लागत से बनने वाली यह सड़क लगभग डेढ़ किलोमीटर लंबी होगी, जिससे हजारों लोगों को बेहतर और सुगम आवागमन की सुविधा मिलेगी। यह मार्ग लंबे समय से जर्जर हालत में था। बरसात के दिनों में सड़क पर जलभराव और गड्ढों के कारण लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ता था। उन्होंने कहा कि स्थानीय नागरिक लगातार इस सड़क के निर्माण की मांग कर रहे थे।

# प्रखर साहित्यकार थे मेहर सिंह:प्रकाश

- फौजी कवि मेहरसिंह पर आधारित नाटक ने जीता मन

हरिभूमि न्यूज ⏭ चरखी दादरी


**चरखी दादरी।** कार्यक्रम में मौजूद अतिथि, विद्यार्थी व ग्रामीण। फोटो : हरिभूमि

संगीत नाटक अकादमी, सांस्कृतिक स्रोत एवं प्रशिक्षण केंद्र (सीसीआरटी) नई दिल्ली तथा राजकीय वमा विद्यालय झोझूकलां के संयुक्त तत्वावधान में वंदे मातरम् राष्ट्रगीत श्रृंखला के अंतर्गत महाकवि कालिदास जयंती पर राष्ट्रीय नाट्य महोत्सव का आयोजन किया। मुख्यातिथि जिला शिक्षा अधिकारी धर्मेंद्र चौधरी सहित विद्यालय प्राचार्या सुनील कुमारी, सीसीआरटी जिला संसाधन व्यक्ति प्रकाश सांगवान ने द्वीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

राष्ट्रीय नाट्य महोत्सव में विद्यार्थियों ने स्वतंत्रता सेनानी एवं फौजी कवि चौधरी मेहरसिंह के जीवन पर आधारित नाटक का मंचन किया। नाटक में आजादी के आंदोलन के दौरान जनमानस में राष्ट्रभक्ति का संचार, सैनिक जीवन के संघर्ष, भारतीय संस्कृति की महानता तथा सामाजिक कुरीतियों के विरुद्ध मेहर सिंह के विचारों को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया। सैनिकों के परिवार से लंबे समय तक दूर रहने और पत्र व्यवहार की पीड़ा को रागिनी के माध्यम से मार्मिक रूप में दर्शाया, जिसने दर्शकों को भावुक कर दिया। कार्यक्रम समन्वयक प्रकाश सांगवान ने कहा कि चौधरी मेहरसिंह स्वतंत्रता सेनानी, प्रखर साहित्यकार और समाज सुधारक थे। उनकी रागनियां देशभक्ति, सामाजिक चेतना व राष्ट्रीय एकता की प्रेरणा देती हैं। इस मौके पर जिला सांस्कृतिक समन्वयक डॉ. सतीश साहू, पूर्व हसला प्रधान शमशेर सांगवान आदि मौजूद रहे।

# वार्ड 15-16 में बहेगी विकास की गंगा

- वार्डवासी बोले पार्षद बसंती देवी ने वार्ड का नक्शा बदल दिया

दीपक कुमार डुमड़ा ⏭ बवानीखेड़ा


वार्ड 16 में जारी विकास कार्य।

बवानीखेड़ा नगर पालिका के वार्ड-15-16 में विकास कार्यों को नई गति मिल रही है। करोड़ों रुपये की लागत से चल रही विभिन्न विकास परियोजनाओं के पूरा होने के बाद क्षेत्र की तस्वीर पूरी तरह बदलने की उम्मीद जताई जा रही है। वार्ड में सड़क, नाला निर्माण और संपर्क मार्गों के निर्माण कार्य युद्धस्तर पर जारी हैं, जिससे स्थानीय लोगों में उत्साह का माहौल है।

वार्ड 16 के पार्षद प्रतिनिधि प्रोफेसर सुरेंद्र कुमार व वार्ड संख्या 15 के पार्षद प्रतिनिधि अमित यादव ने संयुक्त रूप से बताया कि करीब 2 करोड़ रुपये की लागत से लगभग डेढ़ किलोमीटर लंबे दोनों तरफ के नालों का निर्माण कार्य तेजी से चल रहा है। यह परियोजना क्षेत्र में जल निकासी व्यवस्था को मजबूत बनाएगी और बरसात के दिनों में लोगों को जलभराव की समस्या से राहत मिलेगी। नालों के निर्माण से स्वच्छता व्यवस्था में भी सुधार होगा और आसपास के क्षेत्रों का समग्र विकास सुनिश्चित होगा।

### क्षेत्र को नई पहचान मिलेगी

प्रोफेसर सुरेंद्र कुमार ने कहा कि यह सब जनप्रतिनिधियों, नपा प्रशासनिक अधिकारियों, कर्मचारियों और वार्ड वासियों के सहयोग से संभव हो पाया है। उन्होंने बताया कि विधायक कपूर वाल्मीकि, नपा प्रधान सुंदर अत्री, नगर पालिका अधिकारियों तथा समस्त पार्षदों के सहयोग से विकास कार्यों को गति मिली है। उन्होंने विश्वास जताया कि भविष्य में भी वार्ड-16 में विकास की यह रफ्तार जारी रहेगी और क्षेत्र को नई पहचान मिलेगी।

### करोड़ों की लागत से रोड़ निर्माण कार्य जारी

पार्षद प्रतिनिधि सुरेन्द्र कुमार की माने तो इसके अलावा, संबंधित विभाग द्वारा लगभग डेढ़ करोड़ रुपये की लागत से भुरटाना रोड के निर्माण एवं सुधार का कार्य भी प्रगति पर है। इस परियोजना का करीब 50 प्रतिशत कार्य पूरा किया जा चुका है। सड़क निर्माण पूरा होने के बाद क्षेत्रवासियों को बेहतर यातायात सुविधा मिलेगी तथा आवागमन पहले की तुलना में अधिक सुगम होगा।

### विकास की गंगा बहती देख वार्डवासी हुए गदगद

वार्ड में विकास की गंगा बहते देख वार्डवासियों ने बताया कि पहली बार चुनी गई पार्षद बसंती देवी ने कमाल कर दिया है। वार्ड की हर गली का निरीक्षण करके पार्षद बसंती देवी व पार्षद प्रतिनिधि सुरेन्द्र कुमार ने विकास कार्यों की गंगा बहाई जा रही है जो कि आज तक ऐसा नहीं हुआ। वार्ड वासियों का कहना है कि लंबे समय बाद उन्हें पार्षदने उनके वार्ड का नक्शा बदलने के काम किया है।

# भाजपा कार्यालयों पर करेंगे प्रदर्शनः किसान

- वक्ताओं ने बैठक में अमेरिका और अन्य यूरोपीय देशों के साथ भारत के व्यापारिक समझौते को नुकसानदेह बताया

हरिभूमि न्यूज ⏭ बहल


**बहल।** बहल में अखिल भारतीय किसान सभा के सदस्यों की आयोजित बैठक को संबोधित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

अखिल भारतीय किसान सभा तहसील बहल के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं की महत्वपूर्ण बैठक शुक्रवार को अनाज मंडी बहल में आयोजित हुई। बैठक में अमेरिका और अन्य यूरोपीय देशों के साथ भारत के व्यापारिक समझौते को किसान और खेती के लिए नुकसानदेह बताते हुए इसका विरोध किया गया।

बैठक की अध्यक्षता तहसील प्रधान सूबेदार धनपत सिंह ने की जबकि संचालन तहसील सचिव मीर सिंह ओबरा ने किया। बैठक को संबोधित करते हुए जिला प्रधान रामफल देशवाल ने कहा कि अमेरिका एवं अन्य यूरोपीय देशों के साथ प्रस्तावित व्यापारिक समझौते लागू होने से भारतीय कृषि, डेयरी उद्योग, खाद्य पदार्थ, मत्स्य पालन तथा कपड़ा उद्योग पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा। उन्होंने कहा कि संयुक्त किसान मोर्चा के आह्वान पर किसान 24 जुलाई को देशभर में भाजपा सांसदों के कैंप कार्यालयों के बाहर धरना-प्रदर्शन करेंगे।

साथ ही 22 से 24 जुलाई तक विभिन्न स्थानों पर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पुतले भी फूंके जाएंगे।

### आर्थिक बोझ

किसानों ने कहा कि स्मार्ट मीटर योजना लागू होने से आम उपभोक्ताओं और किसानों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ पड़ेगा। इसके अलावा प्रदेश में डीएपी और यूरिया खाद की भारी कमी है और किसानों को एक-एक बैग खाद के लिए भटकना पड़ रहा है। उन्होंने सरकार से मांग की कि सभी सहकारी समितियों में किसानों की हैआवश्यकता के अनुसार पर्याप्त मात्रा में खाद उपलब्ध करवाई जाए।

# ऑनलाइन जमाबंदी की मिली स्वीकृति

- उपायुक्त के हस्तक्षेप से कार्य पूरा, ग्रामीणों ने धरना किया समाप्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ चरखी दादरी


**चरखी दादरी।** गांव गुड़ाना में ग्रामीणों के साथ एसडीएम डॉ. वीरेन्द्र सिंह।

जिले के गुड़ाना गांव की जमाबंदी को ऑनलाइन करने की अनुमति मिल गई है और पोर्टल पर गांव दिखने लगा है।

उपायुक्त मनदीप कौर ने स्वयं इस कार्य का संज्ञान लेकर ये काम करवाया है। ग्रामीणों ने इस कार्य का स्वागत किया और धरना खत्म कर दिया है। उपायुक्त के निर्देश पर डाटा अपलोड करने के लिए आज ही 17 पटवारी और 17 ऑपरेटर लगा दिए गए है। गुड़ाना गांव की जमाबंदी को ऑनलाइन करने के लिए मुख्यालय से अनुमति मिल गई है और अब गांव पोर्टल पर दिखाई दे रहा है। ग्रामीणों ने इस काम के पूरा होने पर खुशी जताई है। ग्रामीणों ने सरकार व प्रशासन का आभार व्यक्त किया है। वहीं गांव के लोगों ने पिछले कुछ समय से चला आ रहा अपना धरना भी समाप्त कर दिया है।

### ग्रामीणों का धरना खत्म किया

उपायुक्त ने मुख्यालय से संपर्क कर लंबित काम को करवाया है। उन्होंने जिले के अधिकारियों को कहा कि जिस काम के लिए सरकार की ओर से जो समय निर्धारित है, उसी समय में वो काम पूरा होना चाहिए। किसी भी हाल में लोगों को परेशानी का सामना ना करना पड़े। उपायुक्त के निर्देश पर एसडीएम डॉ. वीरेंद्र सिंह ने मौके पर जाकर ग्रामीणों का धरना खत्म करवाया।

# वैश्य स्कूल की प्राइमरी विंग का उद्घाटन 19 को होगा

- पारितोषिक वितरण एवं सम्मान समारोह 19 को : डॉ पवन

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी


**भिवानी।** कार्यक्रम की जानकारी देते हुए।

वैश्य सीनियर सेकेंडरी स्कूल दिनोद गेट भिवानी की प्रबंधक समिति के अध्यक्ष डॉ पवन बुवानी वाला,महासचिव विजयकिशन अग्रवाल एवं उपाध्यक्ष देवराज तोशामियाँ ने संयुक्त रूप से प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए बताया कि वैश्य महाविद्यालय ट्रस्ट द्वारा संचालित वैश्य सीनियर सेकेंडरी स्कूल, शिक्षा मार्ग, भिवानी में 19 जुलाई 2026 (रविवार) प्रातः 10:30 बजे एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर प्राइमरी विंग का उद्घाटन, पारितोषिक वितरण एवं सम्मान समारोह का आयोजन होगा। उन्होंने बताया कि विद्यालय परिसर में आयोजित होने वाले इस समारोह में क्षेत्र के अनेक गणमान्य नागरिक, उद्योगपति एवं समाजसेवी उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम में विधायक घनश्याम दास सर्राफ का सान्निध्य प्राप्त होगा।

**पौधरोपण** प्रतिभागियों ने जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान में लगाए तुलसी के पौधे

# प्रतिभागियों को पर्यावरण संरक्षण एवं स्वच्छता के प्रति किया जागरूक

**प्रशिक्षण शिविर में गोपनीयता एवं कार्यालयीन दस्तावेजों के प्रबंधन विषय पर दी विस्तृत जानकारी**

हरिभूमि न्यूज ⏭ चरखी दादरी


**चरखी दादरी।** डाइट में आयोजित प्रशिक्षण में विचार रखते हुए वक्ता।

जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डाइट) बिरहीकलां में आयोजित चतुर्थ श्रेणी कर्मियों का पांच दिवसीय क्षमता वर्धन प्रशिक्षण का चौथा दिन व्यावहारिक गतिविधियों एवं कार्यालयीन कार्यकुशलता पर केंद्रित रहा। प्रशिक्षण के दौरान एससीईआरटी गुरुग्राम की प्रशिक्षण एवं मूल्यांकन विंग से कुसुम देवी ने प्रशिक्षण का निरीक्षण किया। प्रशिक्षण प्रभारी एवं वरिष्ठ प्रवक्ता नवरत्न पांडे ने कुसुम देवी का स्वागत करते हुए प्रशिक्षण की प्रगति एवं विभिन्न सत्रों की विस्तृत जानकारी दी। निरीक्षण के दौरान प्रशिक्षण में एक नए प्रतिभागी के शामिल होने के बाद कुल 27 प्रतिभागी उपस्थित मिले तथा प्रशिक्षण की व्यवस्थाओं पर उन्होंने संतोष व्यक्त किया।

### सरकारी अभिलेखों को सुरक्षित रखें

प्रशिक्षण के दिन की शुरुआत प्रार्थना एवं फीडबैक सत्र से हुई। इसके उपरांत प्रवक्ता नरेश कुमार ने कार्य अनुभव विषय के अंतर्गत व्यावहारिक गतिविधि का आयोजन करवाया। इस दौरान प्रत्येक प्रतिभागी ने संस्थान परिसर में तुलसी का एक पौधा रोपित किया तथा परिसर की स्वच्छता सुनिश्चित करने के लिए साफ-सफाई अभियान चलाया। प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए पर्यावरण संरक्षण एवं स्वच्छता के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की। भोजन अवकाश के पश्चात शैक्षणिक सत्र में प्रवक्ता नीरज कुमार एवं राजेश कुमार ने गोपनीयता एवं कार्यालयीन दस्तावेजों का प्रबंधन विषय पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने सरकारी अभिलेखों के सुरक्षित रख रखाव, गोपनीय सूचनाओं के संरक्षण तथा कार्यालयीन कार्यों में उत्तरदायित्व एवं सावधानी के महत्व पर प्रकाश डाला। प्रशिक्षण के दौरान प्रवक्ता विवेक कुमार एवं राजेश कुमार ने प्रातःकालीन सभा, उपस्थिति एवं प्रशिक्षण व्यवस्थाओं का सफल संचालन किया। प्रवक्ता सोमबीर जाखड़ एवं राकेश गोदारा ने भोजन व्यवस्था का दायित्व निभाया। वहीं लिपिक अभिमन्यु, राजेश कुमार, संजीव कुमार तथा संजय कुमार ने अन्य प्रशासनिक एवं व्यवस्थागत कार्यों को सुचारु रूप से संचालित कर प्रशिक्षण की सफलता में महत्वपूर्ण योगदान दिया।

# श्रीराम पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों का नीट-यूजी में शानदार प्रदर्शन



चरखी दादरी। श्रीराम स्कूल के होनहार विद्यार्थी। फोटो: हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ⏭चरखी दादरी

**अंजलि बेरला ने 720 में से 605 और चंचल बेरला ने 603 अंक प्राप्त किए**

यूजीसी नीट-यूजी 2026 के परीक्षा परिणाम में श्रीराम पब्लिक स्कूल कान्हड़ा के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विद्यालय एवं क्षेत्र का नाम रोशन किया है। विद्यालय के कुल 8 विद्यार्थियों ने परीक्षा सफलतापूर्वक उत्तीर्ण कर अपनी प्रतिभा का शानदार परिचय दिया। प्राचार्य अमित जाखड़ ने बताया कि छात्रा अंजलि बेरला ने 720 में से 605 अंक, चंचल बेरला ने 603 अंक प्राप्त किए। दो सगी बहनों दीप्ति एवं डिंपी ने क्रमशः 593 एवं 556 अंक प्राप्त किए। एकता बेरला ने 545 अंक, दिव्या पिचौपा ने 540 अंक, नयनु जाखड़ ने 529 अंक तथा पारुल किष्किंधा ने 485 अंक प्राप्त कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया। प्राचार्य ने शानदार सफलता का सारा श्रेय बच्चों की कठिन मेहनत, अध्यापकों का मार्गदर्शन व अभिभावकों का सहयोग को दिया। विद्यार्थियों के शानदार प्रदर्शन पर विद्यालय प्रबंधन समिति ने होनहार विद्यार्थियों को बधाई दी।

## सुई की बेटी प्रिया अंबावत ने नीट में शानदार सफलता हासिल की

**भिवानी।** सुई की होनहार बेटी प्रिया अंबावत ने राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए ऑल इंडिया रैंक 12,560 तथा ओबीसी रैंक 5,742 प्राप्त कर अपने माता-पिता, गाँव, जिले और प्रदेश का नाम रोशन किया है। प्रिया ने अपनी प्रारंभिक एवं स्कूली शिक्षा गाँव सुई के राजकीय विद्यालय से प्राप्त की। बचपन से ही मेधावी रही प्रिया ने अपनी लगन और कड़ी मेहनत के बल पर हरियाणा सरकार की प्रतिष्ठित सुपर-100 योजना में स्थान बनाया। इसके बाद रेवाड़ी स्थित सुपर-100 केंद्र में सरकार की ओर से निःशुल्क आवास, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और अनुभवी शिक्षकों का मार्गदर्शन प्राप्त किया। इसी समर्पित तैयारी का परिणाम है कि आज उन्होंने नीट जैसी देश की सबसे प्रतिष्ठित मेडिकल प्रवेश परीक्षा में उल्लेखनीय सफलता हासिल की है। प्रिया के पिता हरि राम अंबावत छोटे किसान हैं, जबकि उनकी माता सुमन देवी गृहिणी हैं। सीमित संसाधनों के बावजूद परिवार ने शिक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी और बेटी के सपनों को पूरा करने में हरसंभव सहयोग दिया। प्रिया ने भी अपने माता-पिता के विश्वास और त्याग को अपनी मेहनत से सार्थक कर दिखाया। प्रिया की इस उपलब्धि से पूरे सुई, भिवानी जिले, शिक्षकों, रिश्तेदारों और क्षेत्रवासियों में खुशी का माहौल है। लोगों ने इसे ग्रामीण प्रतिभा, बेटियों की शिक्षा और सरकारी योजनाओं के सकारात्मक परिणाम का प्रेरणादायक उदाहरण बताया है।



लोहारू। नीट परीक्षा में अव्वल रैंक हासिल करने वाले विद्यार्थियों का स्वागत करते हुए विभिन्न संगठनों के लोग।

## आर्य करियर इंस्टीट्यूट के आठ विद्यार्थियों ने नीट में हासिल किया अव्वल स्थान

- आर्यन ने ऑल इंडिया स्तर पर हासिल की 54वीं रैंक

**लोहारू।** बीती देर सांय नीट परीक्षा परिणामों में गांव ढिगावा मंडी के आर्य करियर इंस्टीट्यूट के आठ विद्यार्थियों ने प्रतिभा का परिचय देते हुए परीक्षा में उत्कृष्ट रैंक हासिल करते हुए इलाके का नाम रोशन किया है। छात्र आर्य ने एआईआर 54वीं रैंक हासिल कर रिकॉर्ड बनाया है। आर्य इंस्टीट्यूट के निदेशक वजीर आर्य ने कहा कि नीट परीक्षा में इंस्टीट्यूट के आठ विद्यार्थियों ने सफलता का परचम लहराकर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया है। विद्यार्थियों के सम्मान में शुक्रवार को सिंघानी, गिगनाऊ, ढाणी टोडा और लोहारू शहर में विजय जुलूस निकाला। इस दौरान भगत सिंह चौक और मुख्य बाजार में लोगों ने सभी बच्चों को सम्मानित किया। इंस्टीट्यूट के निदेशक वजीर मान ने कहा कि ग्रामीण परिवेश के विद्यार्थियों को पहले नीट, आईआईटी और जेईई जैसी परीक्षाओं की तैयारी के लिए कोटा, सीकर, दिल्ली और रोहतक जैसे शहरों महंगे संस्थानों की ओर रुख करना पड़ता था, लेकिन अब ढिगावा में ही इलाके के लोगों को स्थानीय स्तर पर बेहतर संस्थान उपलब्ध हो गया है।

## नीट में बेहतरीन रैंक हासिल करके हार्दिक ने किया नाम रोशन



हार्दिक मेचू

**बहल।** राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट-यूजी) के परिणाम में बहल कस्बे के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। कस्बे के हार्दिक मेचु ने पहले ही प्रयास में ऑल इंडिया स्तर पर 394वीं रैंक हासिल कर बड़ी उपलब्धि अपने नाम की है। हार्दिक को 720 में से 675 अंक प्राप्त हुए हैं। उनकी इस सफलता से पूरे कस्बे में खुशी का माहौल है और परिजनों को बधाइयां देने वालों का तांता लगा हुआ है। हार्दिक के पिता डॉ. संजय मेचु फतेहाबाद में कृषि विभाग में उपमंडल अधिकारी के पद पर कार्यरत हैं, जबकि माता अनीता गृहिणी हैं। हार्दिक ने दसवीं की शिक्षा हलवासिया विद्या विहार, भिवानी से प्राप्त की। इसके बाद वह सीकर स्थित मैट्रिक्स संस्थान में बारहवीं की पढ़ाई के साथ नीट की तैयारी करता रहा। पहले ही प्रयास में मिली इस सफलता से अब उसका किसी प्रतिष्ठित मेडिकल कॉलेज से एमबीबीएस करने का सपना साकार होने की राह पर है। हार्दिक को जनरल कैटेगरी में 249वीं रैंक भी प्राप्त हुई है। हार्दिक ने अपनी सफलता का श्रेय दादी विद्यादेवी, माता अनीता, पिता डॉ. संजय मेचु तथा हलवासिया विद्यालय और मैट्रिक्स संस्थान के शिक्षकों को दिया। उसने बताया कि तैयारी के दौरान उसने सोशल मीडिया से पूरी तरह दूरी बनाए रखी और रटने के बजाय प्रत्येक विषय को गहराई से समझने पर ध्यान दिया। नियमित अध्ययन, अनुशासन और आत्मविश्वास ही उसकी सफलता की सबसे बड़ी कुंजी रहे। वहीं, कस्बे के सुरेंद्र गोस्वामी के पुत्र रोहित गोस्वामी ने भी नीट परीक्षा में उल्लेखनीय प्रदर्शन किया है। उनके चाचा मनीष गोस्वामी ने बताया कि रोहित ने ऑल इंडिया स्तर पर 11,448वीं रैंक तथा जनरल कैटेगरी में 4,566वीं रैंक हासिल की है। उनकी सफलता से परिवार और क्षेत्र के लोगों में उत्साह का माहौल है। विद्यार्थियों की इस उपलब्धि पर प्रदेश के पूर्व मंत्री जेपी दलाल, मार्केट कमेटी बहल के चेयरमैन रवि महमिया ने बधाई दीं।

## खबर संक्षेप

### सिंचाई के लिए रखे पाइपों में आग लगाई

**बाढड़ा।** काकड़ौली हठ्ठी में अज्ञात व्यक्ति ने किसान के खेत में सिंचाई के लिए रखे प्लास्टिक पाइपों को आग लगा दी है। गांव काकड़ौली हठ्ठी कि युवा किसान दिनेश कुमार ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह गांव के समीप ट्यूबवेल संचालित कर अपनी खेतीबाड़ी कर परिवार की आजाविका चलाता है। देर रात्रि अज्ञात व्यक्ति ने उसके सिंचाई के लिए रखे प्लास्टिक पाइपों को एकत्रित कर उनको आग लगा दी जिससे उसको बहुत नुकसान हुआ है। इससे पहले भी बार -बार उनके स्टील के कीमती पाइप व अन्य उपकरण चुरा ले गए हैं। इन घटनाओं से उनको काफी आर्थिक नुकसान हुआ है। और गांव में आपसी विवाद के बाद भय का माहौल बना हुआ है।

### सात वर्षीय बेटी के साथ विवाहिता लापता

**लोहारू।** उपमंडल के एक गांव से एक 35 वर्षीय विवाहिता अपने सात वर्षीय बेटी के साथ घर पर बिना बताए कहीं चली गई और बाद में वापस नही लौटी। पुलिस ने विवाहिता के पति की शिकायत पर गुमशुदगी का मामला दर्ज किया है। पुलिस को दी शिकायत में व्यक्ति ने बताया कि उसकी 35 वर्षीय पत्नी सात वर्षीय बेटी को सुबह 4 अपने साथ लेकर घर से बिना बताए चली गई। उन दोनों की काफी तलाश की गई लेकिन वे नही मिले। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## अपने नाम किया बेस्ट बॉक्सर का खिताब

# गोल्डन गर्ल नीतू घणघस का फिर चला मुक्का, जीता पदक

**फाइनल मुकाबले में अलजीरिया की बॉक्सर को हराकर खिताब जीता**

हरिभूमि न्यूज ⏭भिवानी

रोमानिया में आयोजित अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट गोल्डन बेल्ट में भारतीय बॉक्सर नीतू घणघस ने शानदार प्रदर्शन किया और 51 किलोग्राम भारवर्ग में गोल्ड मेडल व बेस्ट बॉक्सर का खिताब जीतकर देश व प्रदेश का नाम रोशन किया है। नीतू घणघस ने सेमीफाइनल में रोमानिया की बॉक्सर व फाइनल मुकाबले में अलजीरिया की बॉक्सर को हराकर खिताब अपने नाम किया। प्रतियोगिता रोमानिया में 10 जुलाई से 17 जुलाई को हुई। गोल्डन गर्ल नीतू घणघस ने बताया कि गोल्ड मैडल जीतकर काफी खुश है और भविष्य में होने वाली प्रतियोगिता के लिए मनोबल बढ़ा है। उन्होंने कहा कि वे इस तरह मेहनत करके देश व प्रदेश का नाम रोशन करती रहेंगी, उनका लक्ष्य ओलंपिक में गोल्ड मेडल जीतना है और उसके लिए मेहनत जारी है।




भिवानी। मुक्केबाज नीतू घणघस को मेडल पहनाकर सम्मानित करते अतिथि।

### 2023 में जीता था गोल्ड मेडल

नीतू ने वर्ष 2023 में नई दिल्ली में आयोजित महिला विश्व मुक्केबाजी चैंपियनशिप के 48 किलोग्राम वर्ग में स्वर्ण पदक जीतकर विश्व चैंपियन बनने का गौरव हासिल किया। इससे पहले उन्होंने वर्ष 2022 के बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलों (कॉमनवेल्थ गेम्स) में भी स्वर्ण पदक जीतकर भारत का तिरंगा ऊंचा किया। नीतू दो बार की युवा विश्व चैंपियन भी रह चुकी हैं और कई अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में भारत का सफलतापूर्वक प्रतिनिधित्व कर चुकी हैं।

वहीं नीतू घणघस की जीत पर उनके कोच दोर्णाचार्य अवार्डी जगदीश ने कहा नीतू ने गोल्ड मेडल जीत कर देश व प्रदेश का नाम रोशन किया। उन्होंने कहा कि नीतू की मेहनत में कोई कमी नही रहती। जिसके परिणाम स्वरूप गोल्ड मेडल हासिल किया हैं। अब उम्मीद है कि ओलम्पिक में गोल्ड मेडल आए, जिसके लिए और मेहनत की जायेगी। बता दें कि हरियाणा के भिवानी जिले के धनाना गांव की अंतरराष्ट्रीय बॉक्सर नीतू घणघस ने अपनी शानदार उपलब्धियों से देश और प्रदेश का नाम विश्वभर में रोशन किया है।

# वांछित अपराधियों को करें गिरफ्तार

- एसपी लोगेश ने अधिकारियों को दिए कड़े निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭चरखी दादरी



चरखी दादरी। पुलिस अधिकारियों के साथ बैठक करते हुए एसपी लोगेश कुमार।

जिले में कानून व्यवस्था को और अधिक मजबूत बनाने, अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित करने तथा आमजन को त्वरित और पारदर्शी पुलिस सेवाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से शुक्रवार को पुलिस अधीक्षक लोगेश कुमार ने लघु सचिवालय में जिले के सभी पुलिस अधिकारियों के साथ विस्तृत अपराध समीक्षा बैठक की। बैठक में लंबित मामलों की समीक्षा, अपराध नियंत्रण, वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी, अवैध गतिविधियों पर अंकुश तथा यातायात व्यवस्था सहित विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा करते हुए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

### प्रत्येक मामले की निष्पक्ष जांच करें: पुलिस अधीक्षक

पुलिस अधीक्षक लोगेश ने जिले में हाल में हुई आपराधिक घटनाओं, लंबित विवेचनाओं, पेंडिंग केस फाइलों तथा अनुसंधानाधीन मामलों की एक-एक कर समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रत्येक मामले की निष्पक्ष, गुणवत्तापूर्ण और समयबद्ध जांच सुनिश्चित की जाए, ताकि पीड़ितों को शीघ्र न्याय मिल सके और दोषियों के विरुद्ध प्रभावी कानूनी कार्रवाई हो। बैठक के दौरान जुलाई माह में चलाए जा रहे आर्म्स अभियान की प्रगति पर विशेष चर्चा की। एसपी लोगेश ने 10 वर्ष या उससे अधिक समय से फरार अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए विशेष अभियान चलाने के निर्देश दिए। बैठक में सड़क सुरक्षा और पर्यावरण संरक्षण से जुड़े विषयों पर भी चर्चा हुई।

## पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना के लिए आवदेन आज से स्वीकार होंगे

**भिवानी।** पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना के तहत शैक्षणिक वर्ष 2025-26 के लिए ऑनलाइन पंजीकरण प्रक्रिया 18 जुलाई से शुरू होगी। योजना का लाभ लेने के इच्छुक एससी, ओबीसी एवं डीएनटी वर्ग के विद्यार्थी 31 जुलाई तक नेशनल स्कॉलरशिप पोर्टल (एनएसपी) पर अपना पंजीकरण कर सकते हैं। जिला कल्याण अधिकारी देवेंद्र सिंह ने बताया कि पात्र विद्यार्थी निर्धारित अवधि के भीतर एनएसपी पोर्टल पर आवेदन कर पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना का लाभ प्राप्त कर सकते हैं।

## 24 घंटे में रोडवेज बस चोरी का खुलासा करने पर एसपी को किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭चरखी दादरी



एसपी लोगेश कुमार का आभार जताते रोडवेज अधिकारी व कर्मचारी।

चरखी दादरी पुलिस ने हरियाणा रोडवेज की चोरी हुई बस को महज 24 घंटे में बरामद कर आरोपित को गिरफ्तार किया, जिसकी सफलता पर हरियाणा रोडवेज विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने पुलिस अधीक्षक लोगेश कुमार से भेंटकर कर उनका आभार जताया तथा पुलिस की तत्पर एवं प्रभावी कार्यशैली की सराहना की। रोडवेज स्टेशन सुपरवाइजर सतीश लुहाच, निरीक्षक सुरेन्द्र छिल्लर, सेवानिवृत्त निरीक्षक रणबीर प्रधान सहित अन्य अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने पुलिस अधीक्षक से मुलाकात कर कहा कि पुलिस ने बेहद कम समय में मामले का खुलासा कर सरकारी संपत्ति को सुरक्षित बरामद किया, बल्कि आमजन में भी कानून व्यवस्था के प्रति विश्वास को और मजबूत किया है। उन्होंने पुलिस टीम की कार्यशैली, त्वरित कार्रवाई एवं समर्पण की प्रशंसा कर टीम का धन्यवाद किया।

## सोनम वांगचुक के समर्थन में दादरी के किला मैदान में दिया धरना

**चरखी दादरी।** शिक्षाविद एवं पर्यावरण कार्यकर्ता सोनम वांगचुक के शिक्षा सुधार आंदोलन के समर्थन में दादरी के किला मैदान में चल रहे धरना-प्रदर्शन का शुक्रवार को दूसरा दिन रहा। आंदोलन के दौरान शुक्रवार को 13 वर्षीय प्रिंस तक्षक ने शिक्षा व्यवस्था में सुधार की मांग को लेकर प्रतीकात्मक भूख हड़ताल की। वक्ताओं ने कहा कि शिक्षा व्यवस्था में व्यापक सुधार समय की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, सरकारी विद्यालयों के सुदृढ़ीकरण तथा विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक अवसर उपलब्ध करवाने के लिए ठोस कदम उठाए जाने चाहिए।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, शॉप नं. 47, इम्प्रूवमेंट ट्रस्ट मार्केट, भिवानी
फोन नं. : 8814999151, 9253681005, 8295157800

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5 X 8 सें.मी<br>10X 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2000/-<br>रु. 2500/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
भिवानी : हरिभूमि, शॉप नं. 47, इम्प्रूवमेंट ट्रस्ट मार्केट, भिवानी
फोन : 8814999170, दादरी : 9253681008



## जिला कारागार में सिलाई प्रशिक्षण कोर्स के समापन पर महिला बंदियों को भेंट किए प्रमाण पत्र

**भिवानी।** किसी भी व्यक्ति के जीवन में परिवर्तन का सबसे बड़ा माध्यम शिक्षा एवं कौशल है, इसलिए समाज का दायित्व केवल अवसर उपलब्ध करवाना ही नहीं, बल्कि प्रत्येक व्यक्ति को सम्मानपूर्वक नए जीवन की शुरुआत करने का विश्वास देना भी है, ये उद्गार जिला कारावास में महिला सशक्तिकरण एवं आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आदर्श महिला महाविद्यालय द्वारा महिला बंदियों के लिए आयोजित तीन माह के सिलाई प्रशिक्षण शिविर के सफलतापूर्वक पूर्ण होने पर महाविद्यालय प्रबधंकारिणी समिति के महासचिव अशोक बुवानीवाला ने कहें। बुवानीवाला ने कहा कि महाविद्यालय के प्रयास से उन्हें उम्मीद है कि सिलाई प्रशिक्षण प्राप्त करने वाली महिलाएं अपने हुनर के बल पर आत्मनिर्भर बनेंगी और समाज में सकारात्मक पहचान स्थापित करेंगी।

## दो माह से युवक नहीं लौटा घर, गुमशुदगी का मामला दर्ज

**लोहारू।** उपमंडल के गांव बरालु से परीक्षा देने दिल्ली गया करीब 23 वर्षीय युवक करीब दो माह बाद भी अपने घर नही लौटा है तथा दो महीने से परिवार के लोग उसकी विभिन्न स्थानों पर तलाश कर रहे थे। लोहारू पुलिस ने युवक के पिता जयसिंह की शिकायत पर गुमशुदगी का मामला दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है।

### दिल्ली परीक्षा देने गया था युवक

पुलिस को दी शिकायत में जयसिंह ने बताया कि उसका 23 वर्षीय बेटा अश्वनी दो महीने पहले दिल्ली में परीक्षा देने गया था। लेकिन परीक्षा के बाद वह वापस घर नही लौटा। उसकी रिश्तेदारी और जान पहचान के लोगों में काफी तलाश की गई लेकिन वह नही मिला। पुलिस ने शिकायत दर्ज करके युवक की तलाश शुरू कर दी है।

## ग्रामीण प्रतिभा को सही दिशा देकर उनकी क्षमता को निखारना लक्ष्य: सांगवान

चरखी दादरी

- एचडी पब्लिक स्कूल में सेमिनार का आयोजन

गांव बिरोहड़ स्थित एचडी पब्लिक स्कूल के संस्कार सभागार में कक्षा 8वीं से 12वीं तक के विद्यार्थियों के लिए ऑनलाइन करियर मार्गदर्शन सेमिनार आयोजित किया गया। कार्यक्रम में सीएस मार्गदर्शन टीम के आईआरएस विकास सांगवान, अंकित शर्मा, आनंद पूनिया व यूपीएससी अधिकारी दीपक फोगाट ने विद्यार्थियों को सिविल सेवा तथा अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के संबंध में महत्वपूर्ण सुझाव दिए। आईआरएस विकास सांगवान ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है। उनका लक्ष्य गांवों के होनहार विद्यार्थियों को सही दिशा देकर उनकी क्षमता को निखारना है। उन्होंने बताया कि 'सीएस मार्गदर्शन' कार्यरत सिविल सेवकों की गैर-लाभकारी पहल है, जो ग्रामीण युवाओं को सिविल सेवा की तैयारी, सेल्फ स्टडी और करियर प्लानिंग के लिए निःशुल्क मार्गदर्शन उपलब्ध कराती है।



## सोनम वांगचुक की भूख हड़ताल पर सरकार मौन

**चरखी दादरी।** जिला कांग्रेस कमेटी दादरी के अध्यक्ष सुशील ने कहा कि सामाजिक कार्यकर्ता सोनम वांगचुक पिछले 20 दिनों से जंतर-मंतर पर भूख हड़ताल पर बैठे हैं, लेकिन केंद्र की भाजपा सरकार पूरी तरह मौन बनी हुई है। उन्होंने कहा कि लोकतांत्रिक तरीके से उठाई जा रही जनहित की आवाज की लगातार अनदेखी करना सरकार की असंवेदनशीलता को दर्शाता है। सुशील ने कहा कि देश में लगातार सामने आ रहे पेपर लीक के मामलों ने युवाओं का भविष्य दांव पर लगा दिया है।

उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार में न तो किसी प्रकार की जवाबदेही दिखाई दे रही है और न ही शिक्षा व्यवस्था की विफलताओं की नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए शिक्षा मंत्री ने इस्तीफा दिया है।

सांस्कृतिक उत्सव

**बीईओ राज सिंह घनघस ने विजेता विद्यार्थियों को दी बधाई**

# तोशाम में ब्लॉक स्तरीय सांस्कृतिक उत्सव की धूम, आरोही मॉडल स्कूल का दबदबा

हरिभूमि न्यूज ⏭तोशाम

खंड शिक्षा कार्यालय के सौजन्य से आरोही आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय तोशाम में खण्ड स्तरीय सांस्कृतिक उत्सव का भव्य आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी विनय कुमार जिंदल, विशिष्ट अतिथि ब्लॉक विकास एवं पंचायत अधिकारी अमित कुमार व जिला सांस्कृतिक कार्यक्रम समन्वयक संजय कुमार द्वारा सयुंक्त रुप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता कार्यवाहक बीईओ राज सिंह घनघस ने की। मुख्य अतिथि विनय कुमार जिंदल व खंड शिक्षा अधिकारी राज सिंह ने विजेता छात्र-छात्राओं को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। मंच का सफल व प्रभावी संचालन प्रवक्ता सौरभ वधवा ने किया। कार्यक्रम के नोडल अधिकारी सुनील कुमार जैन ने सभी प्रतियोगिताओं के परिणाम घोषित किए।



तोशाम। कार्यक्रम में बेहतरीन प्रस्तुती देने वाले प्रतिभागियों को सम्मानित करते हुए।

### एकल लोक नृत्य में पटौदी स्कूल ने मारी बाजी

इसी प्रतियोगिता के कक्षा 9 से 12 वर्ग में आरोही मॉडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल प्रथम, गवर्नमेंट मॉडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल द्वितीय व गवर्नमेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल तोशाम तृतीय स्थान पर रहा। ग्रुप लोक नृत्य (फॉल्क डांस) के कक्षा 9 से 12 वर्ग में आरोही मॉडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल ने प्रथम, गवर्नमेंट मॉडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल ने द्वितीय व गवर्नमेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल खान्नक ने तृतीय स्थान हासिल किया। प्रतियोगिता के कक्षा 5 से 8 वर्ग में गवर्नमेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल तोशाम प्रथम व गवर्नमेंट मॉडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल तोशाम द्वितीय स्थान पर रहा। एकल लोक नृत्य (सोलो) के कक्षा 9 से 12 वर्ग में गवर्नमेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल पटौदी ने प्रथम रहा।